HPK

No. of Printed Pages : 4

# 2025

# सामान्य अध्ययन – I

## (भारतीय विरासत और संस्कृति, विश्व का इतिहास एवं भूगोल और समाज)

# General Studies – I

## (Indian Heritage and Culture, History and Geography of the World and Society)

निर्धारित समय : 3 घण्टे] [ पूर्णांक : 200

Time allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 200

### भाग – 1 / Part – 1

**नोट :** इस भाग में कुल 05 प्रश्न (प्रश्न संख्या–01 से 05 तक) हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है ।

**Note :** *This part contains* **05** questions (Question number–01 to 05). **All** questions are compulsory. Each question carries **04** marks. The word limit for each question is **50** words.

1. हड़प्पावासी मुहरों एवं मूर्तियों के निर्माण में अत्यंत दक्ष थे । विवेचना कीजिए । **(शब्द सीमा : 50 शब्द)** 04

   The Harappans were highly skilled in the production of seals and sculptures. Discuss. **(Word Limit : 50 Words)**

2. प्राचीन भारतीय समाज, धर्म और राजनीति की जानकारी में पुराण किस प्रकार सहायक हैं ? स्पष्ट कीजिए । **(शब्द सीमा : 50 शब्द)** 04

   How are the Puranas helpful in understanding of ancient Indian Society, religion and politics ? Elucidate. **(Word Limit : 50 Words)**

3. पूँजीवाद के मुख्य तत्वों को रेखांकित कीजिए । **(शब्द सीमा : 50 शब्द)** 04

   Delineate the main elements of capitalism. **(Word Limit : 50 Words)**

4. भारत में कृषि भूमि से जुड़ी प्रमुख समस्याएँ क्या हैं ? जमीन की गुणवत्ता को सुधारने के तरीके बताएँ । **(शब्द सीमा : 50 शब्द)** (3 + 1) 04

   What are major problems associated with agricultural land in India ? Suggest ways to improve the land quality. **(Word Limit : 50 Words)**



Sanvega IAS

Scanned with OKEN Scanner

5. भारत में नगरीकरण से जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव दीजिए । (शब्द सीमा : 50 शब्द) 04

Suggest ways to address the problems associated with urbanization in India.

(Word Limit : 50 Words)

## भाग – 2 / Part – 2

**नोट :** इस भाग में कुल **10** प्रश्न (प्रश्न संख्या–**06** से **15** तक) हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **08** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा **100** शब्द है ।

**Note :** This part contains **10** questions (Question number–**06** to **15**). **All** questions are compulsory. Each question carries **08** marks. The word limit for each question is **100** words.

6. सातवाहनों की स्थापत्य कला शिल्पियों की उत्कृष्ट प्रतिभा और धैर्य को दर्शाता है । स्पष्ट कीजिए ।

(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

The architecture under the Satvahanas shows great skill and patience of the artisans. Elucidate.

(Word Limit : 100 Words)

7. दादाभाई नौरोजी ने भारत में ब्रिटिश शासन के शोषणकारी स्वरूप को उजागर किया । टिप्पणी कीजिए ।

(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

Dada Bhai Naoroji exposed the exploitative nature of British rule in India. Comment.

(Word Limit : 100 Words)

8. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में गोपाल कृष्ण गोखले की भूमिका का वर्णन कीजिए । (शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

Describe the role of Gopal Krishna Gokhale in India's struggle for independence.

(Word Limit : 100 Words)

9. 1905 के बंगाल विभाजन में लॉर्ड कर्ज़न का मुख्य उद्देश्य राजनीतिक था । स्पष्ट कीजिए ।

(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

The main motive of Lord Curzon for the partition of Bengal in 1905 was political. Elucidate.

(Word Limit : 100 Words)

10. उपनिवेशवाद को कमजोर करने वाले कारकों पर प्रकाश डालिए । (शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

Highlight the factors that weakened the colonialism. (Word Limit : 100 Words)

11. उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की उत्पत्ति और उनसे जुड़ी प्रमुख विशेषताओं की चर्चा करें । जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले बदलावों पर चर्चा करें । शमन एवं तैयारी के उपाय सुझाएँ ।

(शब्द सीमा : 100 शब्द) (4 + 2 + 2) 08

Discuss the origin and major characteristics associated with tropical cyclones. Discuss the changes due to climate change. Suggest mitigation & preparedness measures.

(Word Limit : 100 Words)



SamvegIAS

Scanned with OKEN Scanner

12. भारत में "पैकेज टेक्नोलॉजी" के तौर पर हरित क्रांति की सफलता का आलोचनात्मक विश्लेषण करें ।

**(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Critically evaluate the success of green revolution as a "Package technology" in India.

**(Word Limit : 100 Words)**

13. वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी के साक्ष्यों पर चर्चा करें । वैश्विक तापमान में वृद्धि के शमन के उपायों की व्याख्या करें । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) (6 + 2) 08**

Discuss the evidences supporting a rise in global temperature. Elucidate the ways to mitigate global temperature rise. **(Word Limit : 100 Words)**

14. भारत में सामाजिक असमानताओं एवं गरीबी के मध्य सम्बन्ध को समझाइए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Explore the relationship between Social inequalities and Poverty in India.

**(Word Limit : 100 Words)**

15. भारतीय समाज में सामाजिक समरसता को कौन से कारक डराते हैं ? **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Which factors threaten social harmony in Indian Society ? **(Word Limit : 100 Words)**

SamvegIAS

## भाग – 3 / Part – 3

**नोट :** इस भाग में कुल **10** प्रश्न (प्रश्न संख्या–**16** से **25** तक) हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **10** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा **150** शब्द है ।

**Note :** *This part contains* **10** *questions (Question number–***16** *to* **25***).* **All** *questions are compulsory. Each question carries* **10** *marks. The word limit for each question is* **150** *words.*

16. मध्यकालीन भारत में भक्ति आंदोलन ने क्षेत्रीय भाषाओं के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया । व्याख्या कीजिए ।

**(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Bhakti movement in medieval India played an important role in the development of regional languages. Explain. **(Word Limit : 150 Words)**

17. लॉर्ड कॉर्नवालिस के स्थायी बंदोबस्त ने जमींदारों का एक वर्ग तैयार किया, जो ब्रिटिश शासन के प्रति निष्ठावान था । टिप्पणी कीजिए ।

**(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

The permanent settlement of Lord Cornwallis created a class of Zamindars who were loyal to the British rule. Comment.

**(Word Limit : 150 Words)**

18. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को एक सीमित बुद्धिजीवी आंदोलन से व्यापक जन आंदोलन में रूपांतरित करने का कार्य महात्मा गांधी ने किया । इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

**(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Review the statement that Mahatma Gandhi transformed the Indian National Movement from limited intellectual movement to broad mass movement.

**(Word Limit : 150 Words)**



Scanned with OKEN Scanner

19. भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सुभाषचंद्र बोस की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। उनकी विचारधारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मुख्यधारा के नेतृत्व से किस प्रकार भिन्न थी ? **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Evaluate the role of Subhash Chandra Bose in the Indian Freedom Struggle. How did his ideology differ from that of main stream leadership of the Indian National Congress ?

**(Word Limit : 150 Words)**

20. हिटलर की विदेश नीति जर्मन साम्राज्य के विस्तार पर आधारित थी, जो अंततः द्वितीय विश्वयुद्ध का कारण बनी। इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Hitler's foreign policy was based on the expansion of the German Empire, which ultimately led to the Second World War. Critically examine this statement.

**(Word Limit : 150 Words)**

21. विश्व में खनिज तेल के असमान वितरण के बहुआयामी उलझावों की व्याख्या कीजिए।

**(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Explain the multi-dimensional implications of uneven distribution of mineral oil in the world. **(Word Limit : 150 Words)**

22. "हिमालय के हिमनदों के पिघलने से वनस्पति प्रतिरूप में बदलाव आ रहा है, जिसका स्थानीय समुदायों और उनकी आजीविका पर महत्वपूर्ण एवं दूरगामी प्रभाव पड़ रहा है।"

उदाहरण देते हुए उपरोक्त कथन का विश्लेषण कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

"The melting of the Himalayan glaciers is reshaping the vegetation patterns, with significant and far-reaching impacts on local communities and their livelihoods."

Analyse the above statement citing examples. **(Word Limit : 150 Words)**

23. भारत जैसे विकासशील देशों में तृतीयक गतिविधियों के विस्तार पर बेहतर परिवहन एवं संचार नेटवर्क के प्रभाव का परीक्षण कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Examine the impact of improved transport and communication networks on the expansion of tertiary activities in developing countries like India.

**(Word Limit : 150 Words)**

24. कैसे जनसंख्या राष्ट्र के विकास को प्रभावित करती है ? विश्लेषण कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Analyse how population impacts development of a nation. **(Word Limit : 150 Words)**

25. सम्प्रदायवाद और साम्प्रदायिक हिंसा के मध्य सम्बन्धों का विश्लेषण कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Analyse the relationship between Communalism and Communal violence.

**(Word Limit : 150 Words)**



SamvegIAS

Scanned with OKEN Scanner